# अध्याय - 1 | पुष्पी पादपों में लैंगिक जनन

QUIZ PART-03

1. **स्त्रीकेसर किन तीन भागों से मिलकर बना होता है?**
   A. वर्तिकाग्र, वर्तिका, अण्डाशय
   B. परागकोश, तंतु, पुष्पासन
   C. दल, बाह्यदल, बीजाण्ड
   D. अपरा, भ्रूणकोष, बीजाण्डद्वार (A)

***व्याख्या :*** स्त्रीकेसर तीन भागों—वर्तिकाग्र, वर्तिका और अण्डाशय—से मिलकर बना होता है, जो क्रमशः पराग ग्रहण, नलिका मार्ग और बीजाण्ड संरक्षण का कार्य करते हैं।

2. **वर्तिकाग्र का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. परागकणों का निर्माण
   B. परागकणों का अवतरण स्थल प्रदान करना
   C. भ्रूणकोष का निर्माण
   D. बीजाण्ड का संरक्षण (B)

***व्याख्या :*** वर्तिकाग्र स्त्रीकेसर का शीर्ष भाग होता है जो परागकणों के अवतरण (landing) के लिए मंच का कार्य करता है।

3. **अण्डाशय का कौन-सा भाग अपरा कहलाता है?**
   A. बाहरी आवरण
   B. गह्वर के अंदर की ओर स्थित उभरा हुआ भाग
   C. वर्तिकाग्र के ऊपर का भाग
   D. नाभिक का मध्य भाग (B)

***व्याख्या :*** अण्डाशय के भीतर उपस्थित उभरा हुआ भाग अपरा कहलाता है, जिससे बीजाण्ड जुड़ा होता है।

4. **एक बीजाण्ड में कितने अध्यावरण पाए जाते हैं?**
   A. एक B. दो
   C. तीन D. कोई नहीं (B)

***व्याख्या :*** सामान्यतः प्रत्येक बीजाण्ड में एक या दो अध्यावरण पाए जाते हैं जो सुरक्षा का कार्य करते हैं।

5. **एनाट्रोपस बीजाण्ड में कौन-सा भाग बीजाण्डद्वार के ठीक विपरीत होता है?**
   A. अपरा
   B. कैलाजा (वनभाग)
   C. भ्रूणकोष
   D. बीजाण्डकाय (B)

***व्याख्या :*** एनाट्रोपस बीजाण्ड में बीजाण्डद्वार के ठीक विपरीत भाग को कैलाजा या वनभाग कहते हैं, जो बीजाण्ड का आधार होता है।

6. **कार्यशील गुरुबीजाणु किस रूप में विकसित होता है?**
   A. बीजाण्डद्वार
   B. भ्रूणकोष
   C. अण्डाशय
   D. अपरा (B)

***व्याख्या :*** चार गुरुबीजाणुओं में से एक कार्यशील होता है जो भ्रूणकोष में विकसित होता है।

7. **भ्रूणकोष में कितने केन्द्रक और कितनी कोशिकाएँ होती हैं?**
   A. 8 केन्द्रक, 7 कोशिकाएँ
   B. 7 केन्द्रक, 8 कोशिकाएँ
   C. 6 केन्द्रक, 6 कोशिकाएँ
   D. 4 केन्द्रक, 4 कोशिकाएँ (A)

***व्याख्या :*** परिपक्व भ्रूणकोष में 8 केन्द्रक और 7 कोशिकाएँ होती हैं, जिनमें एक अण्ड, दो सहायकोशिकाएँ, तीन एंटिपोडल कोशिकाएँ और एक द्विकेन्द्रिक कोशिका शामिल होती है।

8. **अण्डउपकरण में कितनी सहायकोशिकाएँ होती हैं?**
   A. एक
   B. दो
   C. तीन
   D. चार (B)

***व्याख्या :*** अण्डउपकरण में एक अण्डकोशिका के साथ दो सहायकोशिकाएँ उपस्थित रहती हैं, जो निषेचन प्रक्रिया में सहायक होती हैं।

9. **निम्न में से किस पौधे में बीजाण्डों की संख्या अधिक होती है?**
   A. गेहूँ B. धान
   C. आम D. आर्किड (D)

***व्याख्या :*** आर्किड, पपीता और तरबूज जैसे पौधों में बीजाण्डों की संख्या अधिक होती है।

10. **गुरुबीजाणु मातृकोशिका द्वारा उत्पन्न गुरुबीजाणुओं की संख्या कितनी होती है?**
    A. दो
    B. चार
    C. छह
    D. आठ (B)

***व्याख्या :*** गुरुबीजाणु मातृकोशिका अर्द्धसूत्री विभाजन द्वारा चार गुरुबीजाणुओं का निर्माण करती है।